उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया से अलीगढ़, हाथरस और मथुरा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी होंगे शामिल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू को सुनेंगे। राया । राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अलीगढ़ जिले से कार्यकर्ताओं का जत्था गाजियाबाद पहुंचा इस कार्यक्रम में राया, हाथरस, मथुरा और अलीगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रावत ने बताया कि संगठन के छठवें स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठन की गतिविधियों, उद्देश्यों और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचेंगे। संगठन के प्रति समर्पण और एकजुटता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में अखिल अग्रवाल, मक्खन सारस्वत, देवेंद्र चौधरी, राकेश बंसल, चंद्रशेखर सिंह, मोहित अग्रवाल, टीकाराम शर्मा, लोकेश शर्मा, हरिओम चौधरी, रामप्रकाश शर्मा, कुलदीप लवानिया, नीरज शर्मा, हरिमोहन सोलंकी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के शामिल रहने की जानकारी दी गई है।

एक नज़र में

भगवान श्री राम ने किया ताड़का का वध।
राया पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को किया गिरफ्तार।
राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।
रामलीला के तीसरे दिन लीला का शुभारंभ अरविंद शर्मा ने आरती कर किया।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

भगवान श्री राम ने किया ताड़का का वध।



संवाददाता हर्ष राठी जवां: बरौली में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन ताड़का राक्षसी के वध की लीला का चित्रण किया गया। ऋषि विश्वामित्र राक्षसों से हवन यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को मांग कर वन में ले गए थे, उस वन में ताड़का राक्षसी ऋषि मुनियों के यज्ञ को ध्वस्त कर उनके साथ मारपीट करती थी विश्वामित्र जी की आज्ञा पाकर भगवान राम ने ताड़का राक्षसी का वध कर दिया जिससे ऋषि मुनियों ने राहत की सांस लेकर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में जानकी मंडल रामलीला के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से लोगों को भाव विभोर कर दिया।

देश

राया पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को किया गिरफ्तार।



राया कट बंबा के पास से पकड़ा गया आरोपी, हाथरस जिले का निवासी है अभियुक्त आदिल। संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया (मथुरा)। थाना राया पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आदिल पुत्र फतेहपुरिया निवासी ऊंचागांव, थाना सादाबाद, जनपद हाथरस, उम्र करीब 20 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना राया पुलिस टीम ने राया कट बंबा के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी आदिल को शाम करीब 7:30 बजे गिरफ्तार कर लिया।

देश

राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।



राया से अलीगढ़, हाथरस और मथुरा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी होंगे शामिल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू को सुनेंगे। संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया । राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अलीगढ़ जिले से कार्यकर्ताओं का जत्था गाजियाबाद पहुंचा इस कार्यक्रम में राया, हाथरस, मथुरा और अलीगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रावत ने बताया कि संगठन के छठवें स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठन की गतिविधियों, उद्देश्यों और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा होने की संभावना है।

देश

रामलीला के तीसरे दिन लीला का शुभारंभ अरविंद शर्मा ने आरती कर किया।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी श्री रामनाटक कमेटी द्वारा आयोजित हनुमान मढ़ी राया पर भव्य रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन का शुभारंभ गरिमामयी माहौल में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री ब्राह्मण सभा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रबंधक पं.अरविंद शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा श्रीराम चंद्र जी के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर और भव्य महाआरती उतारकर की गई। आरती के उपरांत मुख्य अतिथि अरविंद शर्मा का स्वागत समिति के पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया।